सीएम के आगमन को लेकर तैयारियां हुई तेज

रीवा संभागायुक्त एवं डीआईजी पहुंचे सिंगरौली, कलेक्टर, एडीएम, एसपी व एएसपी भी रहे मौजूद

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 21 मई। मुख्यमंत्री मोहन यादव दो दिवसीय दौरे पर 23 को सिंगरौली पहुंच सकते हैं। सीएम के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कार्यक्रम स्थल राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न और हेलीपैड एनसीएल ग्राउंड बिलौंजी का जायजा लेने आज रीवा संभागायुक्त बीएस जामोद और रीवा डीआईजी हेमंत सिंह चौहान सिंगरौली पहुंचे, जहां उन्होंने अधिकारियों के साथ तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। सीएम सिंगरौली में कई करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण करने के साथ सिंगरौली महोत्सव में भी शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आ रहा है। संभागायुक्त बीएस जामोद ने कार्यक्रम स्थल और हेलीपैड का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर गौरव बैनल एवं पुलिस अधीक्षक सियाज केएम व अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियां तय समय सीमा के भीतर पूरी कर ली जाएं। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीआईजी हेमंत सिंह चौहान ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। संभावना जताई जा रही है कि मुख्यमंत्री 23 मई को दोपहर करीब 2 बजे सिंगरौली पहुंचेंगे। अभी मुख्यमंत्री का सिंगरौली आगमन संबंधी कार्यक्रम अधिकृत रूप से नही आया है।

जानकारी के अनुसार सिंगरौली पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एनसीएल परिसर में बनाए गए हेलीपैड पर उतरेंगे।

इसके बाद पास में बनने वाले स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का भूमि पूजन करेंगे। साथ ही जिले में करोड़ों रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। वहीं मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर नगर के सड़को एवं डिवाइडरों व बाउंड्रीवॉल को रंगरूप दिया जा रहा है। मॉडल रोड के गड्ढों को भी भरा जा रहा है।

सिंगरौली महोत्सव कार्यक्रम में होंगे शामिल

23 मई की शाम को आयोजित सिंगरौली महोत्सव में शामिल होकर प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर की प्रस्तुति का आनंद लेंगे। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री एनटीपीसी के सूर्य भवन में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात और रात्रि विश्राम करेंगे। 24 मई की सुबह मुख्यमंत्री एनटीपीसी के कल्याण मंडप में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के साथ संगठनात्मक मुद्दों पर भी चर्चा होने की संभावना है। इसके बाद मुख्यमंत्री सुबह लगभग 10 से 11 बजे के बीच सिंगरौली से भोपाल के लिए रवाना हो जाएंगे।

23 को दोपहर 2 बजे आने की है संभावना

रीवा संभागायुक्त बीएस जामोद ने बताया कि मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन लगातार तैयारियों में जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के 23 मई को दोपहर करीब 2 बजे सिंगरौली पहुंचने की संभावना है, जहां वे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सहित कई विकास कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण करेंगे। साथ ही सिंगरौली महोत्सव में शामिल होकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हिस्सा बनेंगे। हालांकि अभी आधिकारिक समय सारणी जारी नहीं हुई है, लेकिन प्रशासन संभावित दौरे को लेकर पूरी तैयारी कर रहा है।

सूर्यदेवता बरसा रहे आग, 45 डिग्री पार पहुंचा तापमान

लू के थपेड़ों ने बढ़ाई मुसीबत, दोपहर में सूनी पड़ रहीं सड़कें

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 21 मई। जिले में इन दिनों भीषण गर्मी और लू ने जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है।

पिछले एक सप्ताह से सिंगरौली-बैढ़न का अधिकतम तापमान लगातार 45 डिग्री सेल्सियस के पार बना हुआ है, जबकि लोगों को 47 से 48 डिग्री जैसी झुलसा देने वाली गर्मी का एहसास हो रहा है। न्यूनतम तापमान भी 29 डिग्री के आसपास रहने से रात में भी लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। हालात ऐसे हैं कि सुबह 9 बजे के बाद ही तेज धूप और गर्म हवाओं का असर महसूस होने लगता है। दोपहर 11 बजे तक लोग घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। शहर के प्रमुख मार्गो पर दोपहर के समय सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है। शाम 5 बजे तक भी गर्म हवाओं का असर बना रहता है। भीषण गर्मी का असर लोगों की सेहत पर भी पड़ने लगा है। जिला अस्पताल और निजी क्लीनिकों में उल्टी, चक्कर, डिहाइड्रेशन और लू से प्रभावित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। गर्मी का असर पशु-पक्षियों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। पानी की कमी के कारण पक्षी इधर-उधर भटक रहे हैं।

एक नजर में

13 वर्षीय अपहृत बालक को पुलिस ने किया दस्तयाब

सिंगरौली। निवास पुलिस चौकी क्षेत्र पापल गांव से लापता एक बालक को पुलिस ने तलाशने में कामयाब रही। जानकारी के अनुसार फरियादी अपहृत बालक का पिता निवासी पापल चौकी निवास का 18 मई को चौकी आकर अपने नाबालिक लड़का उम्र 13 वर्ष 4 माह 16 मई को घर से बिना बताए कही चले जाने की रिपोर्ट लेख कराया था। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध किया जाकर अपहृत बालक की पता तलाश तत्परता से कर आज गुरूवार को अपहृत बालक को ग्राम पापल में दस्तयाब किया गया व बालक को उसके माता पिता को सुपुर्द किया गया है। उक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी एसआई सूरज सिंह, एएसआई त्रिवेणी पाल, आर प्रभात दुबे एवं मोहित सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

कल्याणी महिला समिति ने महिला को बनाया आत्मनिर्भर

सिंगरौली। ब्लॉक-बी क्षेत्र की कल्याणी महिला समिति सदैव समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों के उत्थान के लिए विभिन्न जनहितकारी कार्यों का आयोजन करती रही है। इसी कड़ी में कल्याणी महिला समिति, ब्लॉक-बी द्वारा कृति महिला मण्डल की मुहिम एक कदम के अंतर्गत स्थानीय ग्रामीण क्षेत्र की एक जरूरतमंद महिला को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से स्वरोजगार के लिए एक ठेला प्रदान किया गया।

रंगोली प्रतियोगिता के एकल सीनियर श्रेणी में विनोद प्रथम स्थान पर

सिंगरौली महोत्सव के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 21 मई। सिंगरौली महोत्सव 2026 के अंतर्गत आज अटल सामुदायिक भवन बिलौंजी, बैढ़न में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में जिले के स्थानीय कलाकारों, महिलाओं तथा छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कलात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने सामाजिक सरोकार, पारंपरिक संस्कृति, लोक कला एवं आधुनिक विषयों पर आधारित आकर्षक रंगोलियां बनाईं, जिससे पूरा परिसर रंगों और रचनात्मकता से सराबोर हो उठा। प्रतियोगिता के माध्यम से स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं भारतीय संस्कृति जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। सिंगरौली महोत्सव के अंतर्गत आयोजित प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का उद्देश्य जिले की स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा युवा पीढ़ी में कला एवं संस्कृति के प्रति रुचि विकसित करना है। प्रतियोगिता में एकल सीनियर श्रेणी में विनोद रजक ने प्रथम, अनुपमा गुप्ता ने द्वितीय तथा सुनिता साकेत एवं काजल साकेत ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह श्रेणी में अंतिम पनिका प्रथम, पिंकी मरकाम एवं स्वाती मिश्रा द्वितीय तथा संगीता शाह, ऊषा शाह एवं साधना सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं जूनियर एकल श्रेणी में अनिका गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

डॉग बाइट का खतरा, रोज जिला अस्पताल पहुंच रहे 35 से ज्यादा मरीज

आवारा कुत्तों के आतंक से सहमे लोग, बच्चों और मवेशियों पर बढ़ रहे हमले, रेबीज इंजेक्शन की मांग बढ़ी

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 21 मई। जिले में इन दिनों डॉग बाइट के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। जिला चिकित्सालय बैढ़न की ओपीडी में प्रतिदिन 35 से 36 डॉग बाइट के मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यह केवल जिला मुख्यालय बैढ़न का आंकड़ा है, जबकि देवसर, चितरंगी, माड़ा, सरई और अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी ऐसे मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जानकारी के अनुसार आवारा कुत्तों की संख्या में अचानक भारी इजाफा हुआ है। खासतौर पर बैढ़न शहर और आसपास के क्षेत्रों में कुत्तों के झुंड खुलेआम घूमते नजर आ रहे हैं। कई स्थानों पर दर्जनभर कुत्ते एक साथ घूमते हैं और छोटे बच्चों, राहगीरों तथा मवेशियों पर हमला कर देते हैं। इससे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

आलम यह है कि बैढ़न के गनियारी, देवरा, बलियरी समेत बिलौंजी ताली में भी कुत्तों का झुण्ड दिखाई देता है। इस गर्मी के दिनों में भी आवारा कुत्तों का आतंक कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है।

चौरा टोला में शाम के वक्त अकेले निकला जोखिम भरा

स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह और शाम के समय सड़क पर निकलना मुश्किल हो गया है। स्कूल जाने वाले बच्चों और अकेले चलने वाले बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई मामलों में कुत्तों ने अचानक हमला कर लोगों को घायल कर दिया। डॉग बाइट के बढ़ते मामलों के चलते रेबीज इंजेक्शन की मांग भी बढ़ गई है। अस्पतालों में एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। स्वास्थ्य अमले के अनुसार समय पर इंजेक्शन नहीं लगने पर संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। लोगों ने नगर निगम और जिला प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द नियंत्रण नहीं किया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

चिकित्सा शिविर में 115 लाभार्थियों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

नवभारत न्यूज

अनपरा 21 मई। हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुपावर डिवीजन रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह के मार्गदर्शन एवं हेड एचआर आशीष पांडेय के निर्देशन में ग्रामीण विकास विभाग रेनुसागर द्वारा सीएसआर के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय गरबन्धा में विशेष नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर नि:शुल्क पंजीकरण कराते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। चिकित्सा शिविर में रेनुसागर चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इसमें फिजीशियन डॉ. मनोज कुमार, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम सुंदर एवं दंत चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार सिंह द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

चिकित्सकों ने विभिन्न बीमारियों से संबंधित समस्याओं के आधार पर मरीजों को आवश्यक चिकित्सीय परामर्श भी प्रदान किया। शिविर में कुल 115 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा सभी मरीजों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

दवा विक्रेता संघ ने हड़ताल कर की नारेबाजी

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 21 मई। अखिल भारतीय दवा विक्रेता संघ के आह्वान पर म.प्र. केमिस्ट एवम ड्रगिस्ट के नेतृत्व में जिला दवा विक्रेता संघ द्वारा सिंगरौली के समस्त दवा दुकानदार संगठन के समर्थन में अपने प्रतिष्ठान बंद करके सरकार की नीतियों का विरोध किया। इस दौरान प्रमुख रूप से देवेंद्र मिश्र अध्यक्ष, आशीष दुबे सचिव, संतोष सिंह, सतीश द्विवेदी, समीर सिंह, नारद मुनि शुक्ला, अनिल सिंह, सुरेश शुक्ला, प्रदीप जायसवाल, गर्व मालवीय, लाला तिवारी सहित अन्य शामिल रहे।

बलियरी के पहाड़ी टोला में रोजाना बह रहा है हजारों लीटर पानी

15 दिनों से बह रहा पानी, गर्मी में बूंद-बूंद को तरसे लोग, सूचना के बावजूद भी पम्प ऑपरेटर बेसुध

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 21 मई। नपानि सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 41 फैक्ट्री सड़क मार्ग बलियरी के शा. पूर्व मावि पहाड़ी टोला के समीप अमृत जल योजना की पाइप करीब एक पखवाड़ा से फूटी हुई है, जिसके चलते लगातार हजारों लीटर पानी बह रहा है और यह पानी घरो और गोदामों में पहुंच रहा है। फिर भी नगर निगम अमला सुस्त है, जबकि शहर में पानी की किल्लत है, इसके बावजूद रोजाना हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार अमृत नल जल योजना के तहत सप्लाई होने वाला पानी पाइपलाइन से बेवजह बह रहा है, जिससे हजारों लीटर पानी प्रतिदिन बर्बाद हो रहा है। हैरानी की बात यह है कि जहां एक तरफ पानी लगातार सड़कों पर बह रहा है, वहीं वार्ड के कई घरों में सुबह मात्र 10 से 15 मिनट ही पानी मिल पा रहा है। कुछ रहवासियों का कहना है कि पानी का प्रेशर भी बेहद कम रहता है, जिससे दैनिक जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया है। रहवासियों ने आरोप लगाया कि ननि के जल विभाग के अधिकारी रामलाल शाह को कई बार फोन के माध्यम से सूचना देने का प्रयास किया, लेकिन वे फोन उठाना तक उचित नहीं समझा।

लोगों में इस बात को लेकर भारी नाराजगी देखी जा रही है कि शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा। स्थानीय नागरिकों ने ननि आयुक्त एवं जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकृष्ट कराते हुए मांग की है कि खराब नोजल पंप को ठीक कराने की मांग की है।

महिला सशक्तिकरण में उत्कृष्ट कार्य पर मिला फेम नेशनल अवॉर्ड

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 21 मई। एनटीपीसी विंध्याचल को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रतिष्ठित फेम नेशनल अवॉर्ड 2025-26 के डायमंड कैटेगरी सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान समावेशी विकास एवं सामाजिक परिवर्तन के प्रति परियोजना की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यह पुरस्कार एनटीपीसी विंध्याचल के उप महाप्रबंधक माहताब आलम ने उत्तराखंड के देवप्रयाग से विधायक विनोद कंडारी से प्राप्त किया। इस अवसर पर हरियाणा सरकार की राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण के सदस्य आरएस वर्मा तथा हरियाणा सरकार के पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक डॉ. आरके चौहान भी विशेष रूप से मौजूद रहे। यह सम्मान महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा संचालित प्रभावी पहलों की पहचान है, जिनमें शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य सेवाएं, सामुदायिक सहभागिता तथा सतत आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना शामिल है।

सेवा कुटीर से बदल रहा स्थानीय बच्चों का भविष्य

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 21 मई। सिंगरौली के दूरस्थ गाँवों और आदिवासी बस्तियों में जहाँ कभी बच्चों का बचपन अभावों और सीमित अवसरों के बीच सिमट जाता था, वहीं आज शिक्षा एक नई उम्मीद बनकर उभर रही है।

एनसीएल सेवा कुटीर सीएसआर पहल के माध्यम से स्थानीय बच्चों के जीवन में बदलाव की नई कहानी लिख रही है। एनसीएल परिवार एजुकेशन सोसाइटी के संयोजन से सिंगरौली के 25 गाँवों में सेवा कुटीर केंद्रों के माध्यम से स्थानीय बच्चों को दिन में दो बार पूरक शिक्षा एवं पोषण प्रदान कर रही है।

शिविर में जनसंघ के निर्माण से वर्तमान भाजपा तक के संघर्ष को बिंदुवार किया चित्रित

संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद, समापन सत्र के साथ सम्पन्न हुआ जिला स्तरीय दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 21 मई। भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली का 2 दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण महाअभियान 21 मई को अंतिम सत्र समापन सत्र के साथ सम्पन्न हुआ।

समापन सत्र में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं देवतालाब विधायक गिरीश गौतम उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता गिरीश गौतम ने भाजपा के इतिहास एवं विकास पर अपना उद्बोधन दिया। गिरीश गौतम में 1980 में भाजपा के गठन से पहले एवं बाद के इतिहास को प्रतिभागियों के समक्ष रखा तथा जनसंघ के निर्माण से वर्तमान भाजपा तक के संघर्ष को बिंदुवार तरीके से चित्रित किया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को पार्टी के प्रति उनके कर्तव्य तथा उनकी कार्यशैली कैसी हो, इस पर अपना व्याख्यान दिया।

मुख्य वक्ता ने भाजपा के उद्गम से लेकर विशाल वटवृक्ष बनने तक जिन विभूतियों ने अपने जीवन का सर्वस्व न्यौछावर कर दिया, उनके आदर्शों एवं उनके पदचिह्नों के अनुकरण का आह्वान कार्यकर्ताओं से किया। इस प्रशिक्षण महाभियान में कुल बारह सत्र सम्पन्न हुए।

कार्यक्रम के अध्यक्षता राज्यमंत्री राधा सिंह ने की तथा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद किया तथा उनके प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं के उत्तर दिए।

वक्ताओं ने अलग-अलग बिन्दुओं पर दिया उद्बोधन

दूसरे दिन के प्रशिक्षण में पांच सत्र सम्पन्न हुए तथा अलग-अलग विषय वक्ताओं ने निर्धारित बिंदुओं पर अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। आठवें सत्र की अध्यक्षता पूर्व विधायक राम लल्लू बैस, नौवें सत्र की अध्यक्षता देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम, दसवें सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष गिरीश द्विवेदी, ने अपना विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। अभियान में जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह, विधायक रामनिवास शाह एवं जिले के समस्त जनप्रतिनिधि एवं महामंत्री, मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं महामंत्री, मंडल प्रभारी तथा सभी अपेक्षित कार्यकर्ता मौजूद रहे।